तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 15 फरवरी 2020

10 गर्ल्स कॉलेज में विदाई समारोह

11 शहरी बेघरों को रात में मिला आश्रय

कुरुद | सिरीं | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

खबर संक्षेप

प्रकरणों की सुनवाई 19 को

धमतरी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में धमतरी जिले से प्राप्त आवेदन, शिकायतों की सुनवाई आगामी 19 फरवरी को की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य की न्यायपीठ द्वारा यह सुनवाई सुबह 11 से 5 बजे तक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में की जाएगी।

सरगी में दो दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

बोरसी(धमतरी)। ग्राम सरगी में नेताजी सुभाष स्पोर्ट क्लब के तत्वावधान में 15 एवं 16 फरवरी को दो दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ एवं दीप प्रज्जवलन की मुख्य अतिथि लिलेश्वरी लिकेश साहू नवनिर्वाचित सरपंच ग्राम पंचायत सरगी होंगी। अध्यक्षता हरिविनायक सिन्हा जनपद सदस्य मगरलोड करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि ईतवारी राम ध्रुव, गोविंद राम साहू, देवनारायण, सुरेश यादव, थनेश्वर साहू, नीलम दीवान व परसादी यादव रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रू, द्वितीय 3001 रू एवं तृतीय 2001 रू रखा गया है। प्रवेश शुल्क 201 रू रखा गया है। यह जानकारी डोमेश निषाद ने दी।

उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के नीशू चंद्रकार 7 वोट से जीते

कांति बनी जिला पंचायत की सिरमौर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा के पास जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर दावेदारी करने के लिए कोई विकल्प नहीं था। एक मात्र कांग्रेस की कांति सोनवानी ने अध्यक्ष के लिए दावेदारी की और निर्विरोध जीती। उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस के नीशू चंद्राकर और भाजपा के खूबलाल के बीच चुनाव हुआ। नीशू चंद्राकर को 7 वोट से जीत मिली। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की घोषणा होते ही कांग्रेसियों ने खूब नारेबाजी और जमकर आतिशबाजी की।

कांग्रेस के लिए सुरक्षित सीट होने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव पर सबकी नजर टिकी हुई थी। कांग्रेस के पर्यवेक्षक और रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा, महापौर विजय देवांगन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, कांग्रेस के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल सहित कई बड़े नेता जिला पंचायत में जमे रहे। दोपहर करीब 12 बजे ही कांति सोनवानी के निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष चुने जाने की खबर सार्वजनिक हुई।

उम्मीद की जा रही थी कि उपाध्यक्ष चुनाव भी निर्विरोध होगा लेकिन कांग्रेस के बहुमत को चुनौती देते हुए भाजपा के सदस्य खूबलाल ध्रुव ने उपाध्यक्ष के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। दो भाजपा सदस्यों के साथ एक निर्दलीय सदस्य का साथ उन्हें मिला। चुनाव में उनके पक्ष में कुल 3 वोट पड़े। कांग्रेस की ओर से नीशू चंद्राकर ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। उन्हें सभी कांग्रेसियों का सपोर्ट मिला। 10 वोट पाकर वे 7 वोटों से विजयी रहे। दोपहर करीब 2 बजे अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के साथ सभी सदस्य जिला पंचायत से बाहर आए, जिसके बाद जमकर आतिशबाजी की गई। कांग्रेसियों ने एक दूसरे को गले लगाकर जीत का जश्न मनाया। समर्थकों ने उपाध्यक्ष नीशू चंद्राकर को कंधे में उठाकर पूरे जिला पंचायत परिसर में घुमाया। इसके बाद सभी सदस्य और कांग्रेसजन मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे और माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

जीत की खुशी में कांग्रेसी झूम उठे

सबकी टिकी रही नजर

जिला पंचायत में चुनाव के दौरान कांग्रेसियों का जमावड़ा रहा। धमतरी जनपद पंचायत अध्यक्ष गुंजा साहू, मगरलोड जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, कृष्णा मरकाम, विशाल शर्मा, राजा देवांगन, गुरुगोपाल गोस्वामी, केंद्र कुमार पेंदरिया, अनुराग मसीह, नीलम चंद्राकर, आनंद पवार, पंकज महावर, मदन मोहन खंडेलवाल, आलोक जाधव, निखिलेश देवान, राहुल बख्तानी, आशुतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

पंद्रह साल बाद वापसी

जिला पंचायत का गठन वर्ष 2000 में हुआ। प्रथम जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस की चंद्रकला नेताम बनीं। इसके बाद तीन बार भाजपा ने ही यहां पर कब्जा जमाए रखा। 2005 में नवीन टंडन व खूबलाल कुर्रे, 2010 में बालाराम साहू और 2015 में रघुनंदन साहू अध्यक्ष रहे।

सभी कांग्रेसियों की जीत

यह जीत सभी कांग्रेसियों की जीत है। भूपेश सरकार ने साल भर में जो काम करके दिखाया है, उसी का नतीजा है कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस की लहर है। कांग्रेस के विकास की परंपरा को जिला पंचायत में भी कायम रखेंगे।

कांति सोनवानी,
जिला पंचायत अध्यक्ष

एकजुट होकर बनाएंगे प्लान

राज्य की भूपेश सरकार ने गरीब-किसान के लिए खूब काम किया है। इसी का नतीजा है कि पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का परचम लहरा रहा है। पहली प्राथमिकता विकास है, इसके लिए सभी सदस्यों को साथ लेकर प्लान तैयार करेंगे।

नीशू चंद्राकर,
उपाध्यक्ष जिला पंचायत

छग प्रीमियर लीग की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में होने वाले छग प्रीमियर लीग के आयोजन के शुभारंभ के लिये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण जैन ने अमीर हाशमी को राष्ट्रगान व राज्यगीत प्रस्तुत करने का न्यौता भेजा है। श्री हाशमी ने बताया कि वे अरपा पैरी के धार द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करेंगे। श्री जैन ने धमतरी जिले के लिए अमीर हाशमी को जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

अमीर हाशमी

आईपीएल की तर्ज पर होने वाले छत्तीसगढ़ के पहले क्रिकेट प्रीमियर लीग टूर्नामेंट की शुरूआत हो चुकी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रभारियों के निरीक्षण में कड़ी चयन प्रक्रिया से गुज़रने के बाद कुल 8 फाईनल टीमें नया रायपुर स्थित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी.वी. में लाईव प्रसारण के साथ पूरे देश के सामने छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग मैच खेलेंगे।

प्रीमियर लीग का ट्रायल 16 को

सी.पी.एल. जिला प्रभारी अमीर हाशमी ने बताया कि रविवार 16 फरवरी को यह ट्रायल पीजी ग्राउंड, धमतरी में सुबह नौ बजे से शुरू होगा, प्रतिभागी 9826121177 में कॉल करके रजिस्ट्रेशन व अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

दरगहन में कबड्डी स्पर्धा आज

धमतरी। जेसीडी आदर्श कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम दरगहन में 15 फरवरी शनिवार को एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शुभारंभ के मुख्यअतिथि दमयंती केशव साहू जिपं सदस्य होंगे। अध्यक्षता अमरसिंह पटेल सरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती खेमिन ध्रुव, सुदर्शन साहू, सियाराम साहू, बोहरिक ध्रुव होंगे। समापन पर मुख्य अतिथि राजू चंद्राकर जपं सदस्य होंगे। अध्यक्षता उकेशराम ध्रुव जबकि विशिष्ट अतिथि अमर पटेल, देवचरण ध्रुव, गोवर्धन ध्रुव एवं नरसिंह ध्रुव होंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001, द्वितीय 4001, तृतीय 2001 रु एवं चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए समिति की ओर से दिए जाएंगे। स्पर्धा में भाग लेने के लिए 250 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के शरद मरकाम, आनंददास मानिकपुरी, भावेश नेताम, रुपेश मरकाम, धनेंद्र पटेल, खोमन यादव, प्रिंसदास मानिकपुरी, द्रोणकुमार पडोटी आदि जुटे हुए हैं।

आवश्यकता है

हनुमान एग्रो महिंद्रा ट्रेक्टर शो रुम कुरुद
को शीघ्र आवश्यकता है

पद	योग्यता	वेतन
कप्यूटर आपरेटर 3 पद	3 वर्ष का अनुभव अनिवार्य (एक्सपर्ट)	10000+
मैनेजर 2 पद	3 वर्ष का अनुभव अनिवार्य	20000

- संपर्क करें -
94255-09555, 84355-29076, 93402-93650

जिला अस्पताल की एकमात्र डेंटिस्ट लंबी छुट्टी पर, भटके मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दंत रोग विभाग में पदस्थ एकमात्र डेंटिस्ट के लंबी छुट्टी पर चले जाने से दांत के मरीजों को भटकना पड़ रहा है। मरीज बगैर उपचार कराए जिला अस्पताल से मायूस होकर लौट रहे हैं।

- नहीं की गई है वैकल्पिक डेंटिस्ट की व्यवस्था

स्वास्थ्य बीमा योजना से लगभग 115 बीमारियों के उपचार का पैकेज निजी अस्पताल से खत्म कर शासकीय अस्पतालों के लिए रिजर्व कर दिए जाने से जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए अस्पताल में सभी विभागों के डाक्टरों की ड्यूटी पर उपस्थिति आवश्यक हो जाती है। जिस विभाग में एक से अधिक डाक्टर हैं उसके मरीज एक डाक्टर की

गैरमौजूदगी में दूसरे डाक्टर से उपचार करा लेते हैं, लेकिन जिस विभाग में एक डाक्टर है और वह भी लंबी छुट्टी पर चला जाए तो बगैर वैकल्पिक उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को भटकना ही पड़ेगा। कुछ इसी तरह की स्थिति जिला अस्पताल पहुंचने वाले दांत के मरीजों की हो रही है।

जिला अस्पताल के दंत रोग विभाग में एक महिला डेंटिस्ट डा. पूजा चंद्राकर पदस्थ हैं। निजी कारणों के चलते डेंटिस्ट बीते बुधवार से लगभग सप्ताह भर की लंबी छुट्टी पर चली गई हैं। दंत रोग के मरीज लगातार भटकते देखे जा सकते हैं। निजी अस्पतालों से दंत रोग का उपचार का पैकेज पूरी तरह खत्म कर देने से दांत के रोगी प्रतिदिन जिला अस्पताल पहुंचते हैं।

दांत रोग का उपचार कराने दस लोग पहुंचे

शुक्रवार को दांत रोग का उपचार कराने दस लोग पहुंचे थे। ग्राम कंडेल से सीमा पटवा 31 वर्ष, श्रवण साहू 54 वर्ष सोरम, राधाबाई साहू 40 वर्ष कोसमर्रा, खिलावन बाई साहू 52 वर्ष बोरझरा,

⏭ शेष पेज 10 पर

नकली जेवर गिरवी रख ज्वेलर्स से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फर्जी आधार कार्ड दिखाकर नकली जेवर गिरवी रखकर ज्वेलर्स को हजारों रूपये का चूना लगा महिला चंपत हो गई। पीड़ित ने घटना की कोतवाली में शिकायत की है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के एक ज्वेलर्स की दुकान पर गुरूवार की शाम एक महिला जेवर गिरवी रखने पहुंची। महिला ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कंगन को गिरवी रखकर पैसे की मांग की। ज्वेलर्स को महिला ने पहचान के लिए अपना आधार कार्ड दिखाया। जिसमें महिला का नाम, फोटो व पता सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड निवासी छपा था। आधार कार्ड व मोबाइल नंबर लेकर ज्वेलर्स ने कंगन को गिरवी रख उसकी एवज में 35 हजार रूपये महिला को दे दिए। गिरवी रखने से पहले व्यापारी ने कंगन की घिसाई कर चेक किया था। महिला के जाने के बाद कंगन की दुबारा बारीकी से जांच की। जिससे पता चला कि कंगन के ऊपर सोने का पालिस लगा था जबकि भीतर सिर्फ पीतल था। व्यापारी ने दिये गए मोबाइल नंबर पर फोन कर महिला से संपर्क किया। तीसरी बार फोन करने पर मोबाइल स्विच आफ हो गया। ठगे जाने की आशंका होने पर ज्वेलर्स ने सिटी कोतवाली पहुंच लिखित में शिकायत की है। पुलिस उक्त महिला को ट्रेस करने के प्रयास में जुट गई है।

मासूलखोई में डीजे डांस प्रतियोगिता कल

नगरी। ग्राम मासूलखोई रिसगांव मेला अवसर पर डीजे डांस प्रतियोगिता 16 फरवरी को रखी गई है जिसमें 6020, 3020, 1520, युगल में 2020, 1020, 520 रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क सामूहिक में 70 रू. एवं युगल में 30 रूपये रखा गया है।

पाठक सूचना...

डबल धमाका

हरिभूमि के सुधि पाठकों को

सूचित किया जाता है कि डबल धमाका स्कीम के कूपन फार्मेट दिनांक 10/01/2020 को प्रकाशित किया गया था जिसमें 15 सामान्य कूपन तथा 5 मास्टर कूपन चिपका कर जमा करना है।

हरिभूमि के पाठक कूपन फार्मेट 15 फरवरी 2020 तक अपने एजेंट, जिला कार्यालय या हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Excellent Business Award By Honorable Cm Bhupesh Baghel

Dhamtari To	Zest	Innova
Raipur	1000	2000
Bhilai	1000	2000
Rajnandgaon	1500	2500
Kanker	1000	1500
Jagdalpur	3000	5000
Gariyaband	1500	2000
Bhanupratappur	1500	2500
Narayanpur	2500	4000
Bhawanipatna	4000	6000
Nagarnar	500	1000

नोट : राहुल ट्रैवेल्स की गाड़िया जब भी एक शहर से दूसरे शहर खाली जाती है तो उसे टुडे ऑफर में अपडेट कर दिया जाता है जिसे आप 50% डिस्काउंट पर बुक कर सकते है।

RAHUL TRAVELS
Book On www.RahulTravelS.com
9893411411 / 9981411411
हमारी सेवाएं भारत के सभी प्रमुख शहरों में उपलब्ध हैं

श्री त्रिपुर यात्रा
मुख्यमंत्री मा. भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानीत एकमात्र सेवा समिति
Online Booking-www.tripuryatra.com

चार धाम यात्रा

केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, हरिद्वार, ऋषिकेश

28 अप्रैल से 11 मई 2020, 02 मई से 15 मई 2020, 06 मई से 19 मई 2020, 09 मई से 22 मई 2020, 11 मई से 24 मई 2020, 13 मई से 26 मई 2020, 16 मई से 29 मई 2020, 20 मई से 02 जून 2020, 23 मई से 05 जून 2020, 25 मई से 07 जून 2020, 28 मई से 10 जून 2020, 03 जून से 16 जून 2020

ऑफर-स्लीपर- 16500/- ए्सी- 23500/- मात्र 20 फरवरी 2020 तक बुकिंग कराने पर
सहयोग राशि : स्लीपर-18500/-, ए्सी-25500/-
संपर्क : 7354411411

निःसंतान दम्पत्तियों के लिए खुशखबरी
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध
आयुष टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर द्वारा
निःसंतान दम्पत्ति शिविर
16 फरवरी 2020, रविवार
समय - दोप. 12 बजे से 3 बजे तक
उपाध्याय हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के पीछे, धमतरी (छ.ग.)
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें-9981611688, 9826153653
- निःसंतान दम्पत्ति पूर्व की समस्त परीक्षण रिपोर्ट साथ लेकर आयें
- अग्रिम बुकिंग के लिए संपर्क करें :9826611688
निःसंतान दम्पत्तियों के लिए सर्वोत्तम टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
आयुष इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर
20, अशोका प्लाजा, अशोका रतन, शंकर नगर, खम्हारडीह, रायपुर
फोन : 0771-4034043, 9826611688